**Series OSS**

Code No. **209**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **6** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **18** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **6** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# CASH MANAGEMENT AND HOUSEKEEPING

## (Theory) Paper I

# नकदी प्रबंध एवं गृह संचालन

## (सैद्धान्तिक) प्रश्न-पत्र I

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 60*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 60*

**General Instructions :**

(i) ***All*** *questions are compulsory.*

(ii) *Marks allotted to questions are indicated against each of them.*

(iii) *Questions 1, 2, 3, 4 and 5 are long answer type questions. Their answers should normally not exceed 150 words each.*

(iv) *Questions 6, 7, 8 and 9 are short answer type questions. Their answers should normally not exceed 70 words each.*

(v) *Questions 10 to 18 are very short answer type questions. Their answers should normally not exceed 30 words each.*

(vi) *Be brief and precise in your answers.*

**सामान्य निर्देश :**

(i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने लिखे हैं ।

(iii) प्रश्न 1, 2, 3, 4 एवं 5 बड़े उत्तर वाले प्रश्न हैं । इनमें से प्रत्येक के उत्तर सामान्यतः 150 शब्दों से अधिक के नहीं होने चाहिएँ ।

(iv) प्रश्न 6, 7, 8 तथा 9 छोटे उत्तर वाले प्रश्न हैं । इनमें से प्रत्येक के उत्तर सामान्यतः 70 शब्दों से अधिक के नहीं होने चाहिएँ ।

(v) प्रश्न 10 से 18 बहुत छोटे उत्तर वाले प्रश्न हैं । इनमें से प्रत्येक के उत्तर सामान्यतः 30 शब्दों से अधिक के नहीं होने चाहिएँ ।

(vi) आपके उत्तर संक्षिप्त व सुनिश्चित होने चाहिएँ ।

1. Describe the procedure you would adopt to deposit cash and a cheque in your bank account. What particulars are required to be filled in, in the slips to be used for this purpose ? Explain. 6

**OR**

What do you understand by single and double lock systems ? Explain their advantages and disadvantages. Which system is generally adopted in banks ?

अपने बैंक खाते में नकदी तथा एक चैक जमा करने के लिए आप जो प्रक्रिया अपनाएँगे, उसका वर्णन कीजिए । इस प्रयोजन के लिए जो स्लिप भरनी होती हैं, उनमें क्या ब्यौरा देना आवश्यक होता है ? समझाइए ।

**अथवा**

इकहरी ताला प्रणाली और दोहरी ताला प्रणाली से आप क्या समझते हैं ? उनके लाभों तथा हानियों को समझाइए । सामान्यतः कौनसी पद्धति बैंकों में अपनाई जाती है ?

2. "Both a cheque and a demand draft contain an order to pay a certain amount, but they are different from each other." Explain how. Can a demand draft be crossed ? Explain the effect of crossing on a demand draft. *6*

**OR**

Name six circumstances in which a banker can refuse payment of a cheque. Give reasons also.

"एक चैक और एक डिमान्ड ड्राफ्ट दोनों में एक अमुक राशि अदा करने का आदेश दिया होता है, परन्तु वे एक-दूसरे से भिन्न होते हैं ।" किस प्रकार से ? समझाइए । क्या डिमान्ड ड्राफ्ट को रेखांकित किया जा सकता है ? समझाइए कि डिमान्ड ड्राफ्ट पर रेखांकन का क्या प्रभाव पड़ता है ।

**अथवा**

ऐसी छः परिस्थितियों का उल्लेख कीजिए जिनमें एक बैंकर चैक का भुगतान करने से मना कर सकता है । कारण भी बताइए ।

3. Explain the meaning and significance of the following items shown in a bank's Balance Sheet : *6*

(a) Capital and Reserves and Surplus

(b) Money at Call and Short Notice

**OR**

Distinguish between :

(a) Mail Transfer and Telegraphic Transfer

(b) Order Cheque and Bearer Cheque

एक बैंक के तुलन-पत्र में दिखलाई जाने वाली निम्न मदों के अर्थ और महत्त्व को स्पष्ट कीजिए :

(क) पूँजी तथा आरक्षित निधियाँ एवं आधिक्य

(ख) अल्प सूचना पर प्राप्त धनराशि (माँग द्रव्य)

**अथवा**

अन्तर स्पष्ट कीजिए :

(क) डाक द्वारा अन्तरण तथा तार द्वारा अन्तरण में

(ख) आदेशित चैक तथा वाहक चैक में

4. What do you understand by (a) advances secured by tangible assets and (b) unsecured advances ? What procedure is adopted in case of the former ? Explain. *6*

**OR**

Describe the procedure that you would, as a banker, follow to verify the stock kept in the godown of a borrower.

(क) मूर्त आस्तियों द्वारा प्रतिभूत अग्रिमों तथा (ख) अप्रतिभूत अग्रिमों से आप क्या समझते हैं ? उपर्युक्त (क) के सम्बन्ध में कौनसी प्रक्रिया अपनाई जाती है ? समझाइए ।

**अथवा**

उधारकर्ता के गोदाम में रखे माल का सत्यापन करने के लिए बैंकर के रूप में आप जो प्रक्रिया अपनाएँगे, उसका वर्णन कीजिए ।

5. What suggestions would you, as a banker, give to the borrowers regarding the location and maintenance of the godown and the fire safety measures ? Explain. *6*

**OR**

Distinguish between :

(a) Gift Cheque and Traveller's Cheque

(b) Current account and Savings account

बैंकर के रूप में आप अपने उधारकर्ताओं को गोदाम की स्थिति एवं रख-रखाव तथा अग्नि से सुरक्षा के उपायों के बारे में क्या सुझाव देंगे ? समझाइए ।

**अथवा**

निम्नलिखित में अन्तर स्पष्ट कीजिए :

(क) उपहार चैक और यात्री चैक

(ख) चालू खाता और बचत खाता

6. What is a Voucher ? Why do banks use a voucher for each transaction ? *3*

प्रमाणक (वाउचर) क्या होता है ? बैंकों में प्रत्येक लेन-देन के लिए एक वाउचर का प्रयोग क्यों किया जाता है ?

7. What is a withdrawal form ? Why is it used ? How does it differ from a cheque ? *3*

आहरण प्रपत्र क्या होता है ? इसका प्रयोग क्यों किया जाता है ? चैक से यह किस प्रकार भिन्न होता है ?

8. What is meant by Strong Room in a bank ? Where is it genergally located in a bank ? *3*

बैंक में सुरक्षित कक्ष से क्या तात्पर्य होता है ? बैंक में सामान्यतः यह कहाँ पर स्थित होता है ?

9. What points would you like to examine while checking the Medical Bill of a bank employee ? *3*

एक बैंक कर्मचारी के मेडीकल बिल की जाँच करते समय आप किन बातों की छानबीन करना चाहेंगे ?

10. Why do the banks adopt the practice of double checking of every transaction ? Give an example also. *2*

बैंकों में प्रत्येक लेन-देन की दोहरी जाँच करने की परिपाटी क्यों अपनाई जाती है ? एक उदाहरण भी दीजिए ।

11. Describe two main conditions of fire insurance. *2*

अग्नि बीमा की दो प्रमुख शर्तों का वर्णन कीजिए ।

12. What is a token ? For what purpose is it used in a bank ? What is inscribed on it ? *2*

टोकन क्या होता है ? बैंक में इसका प्रयोग किस उद्देश्य से किया जाता है ? इस पर क्या अंकित रहता है ?

13. What do you understand by soiled and slightly mutilated notes ? Can they be exchanged ? If yes, by whom ? *2*

गन्दे और थोड़े कटे-फटे नोटों से आप क्या समझते हैं ? क्या उन्हें बदला जा सकता है ? यदि हाँ, तो किसके द्वारा ?

14. Explain two reasons for granting long leave to bank employees. *2*

बैंक के कर्मचारियों को लम्बी अवधि के लिए अवकाश स्वीकार करने के दो कारणों की व्याख्या कीजिए ।

15. What is a Trial Balance ? Why is it prepared. *2*

ट्रायल बैलेन्स क्या होता है ? इसे क्यों तैयार किया जाता है ?

16. What do you understand by scroll ? Why do banks keep scroll at two places ? 2

स्क्रॉल से आप क्या समझते हैं ? बैंक दो स्थानों पर स्क्रॉल क्यों रखते हैं ?

17. Why do the branches of a bank send periodical statements to their head office ? Mention any two such statements. 2

बैंक की शाखाएँ अपने प्रधान कार्यालय को आवधिक विवरण-पत्रों को क्यों भेजती हैं ? ऐसे किन्हीं दो विवरण-पत्रों के नाम बतलाइए ।

18. Give the names of the largest public sector bank and any private sector bank in India. 2

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक तथा निजी क्षेत्र के किसी एक बैंक के नाम बतलाइए ।